**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी,भोपाल**

**दिनांक - 26.07.2026** **समय : 7.10पीएम**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयों को छू रहा।
- केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण किया।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निवाडी में 109 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।
- मध्यप्रदेष के पांच जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयों को छू रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, करगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है और हर भारतीय को गर्व से भर देता है। श्री मोदी ने विक्रम-वन के लांच होने को लेकर कहा कि

प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि देश के लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कैच द रेन अभियान पर चर्चा के दौरान मध्यप्रदेश में जलसंरक्षण के लिए हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सीधी जिले में लगभग 1 हजार 500 तालाब बनाए गए हैं, नरसिंहपुर में अमृत सरोवरों को संवारा गया है। उन्होंने कहा कि बारिश की हर बूंद को सहेजने के अभियान को जन आंदोलन बनाना आवश्यक है।

शिक्षा मंत्रालय बैठक- जोशी

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण किया। श्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कल ही श्री जोशी की नियुक्त इस पद पर हुई थी। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभिन्न योजनाओं और प्रमुख कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए शिक्षा मंत्रालय की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बाद में मीडिया से बातचीत में श्री जोशी ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा -

डाक कर्मचारी- मंत्री जितेंद्र सिंह

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भारतीय डाक कर्मचारी संघ के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात कर सेवा संबंधी मामलों पर चर्चा की। डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि प्रतिनिधिमंडल में बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कई अन्य राज्यों के डाक कर्मचारियों के प्रतिनिधि थे। उन्होंने कहा कि सदस्यों ने प्रशासनिक सुधारों पर सरकार द्वारा निरंतर ध्यान दिए जाने की सराहना की। सदस्यों ने स्वीकार किया कि दशकों से लंबित सेवा मामलों और कर्मचारी शिकायतों पर हाल के वर्षों में विशेष ध्यान दिया गया है। डॉ. सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि डीओपीटी नियमित संवाद और रचनात्मक परामर्श के माध्यम से कर्मचारी संगठनों के साथ संवाद के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री-विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सामूहिक भागीदारी हमेशा से भारत की सांस्कृतिक परंपरा की ताकत रही है। उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-2026 के प्रतिभागियों से संवाद करते हुए यह बात कही। इस दौरान सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 400 से अधिक युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए।

मुख्यमंत्री-निवाडी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज निवाडी में लगभग 109 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इसमें 25 करोड 63 लाख रूपए की लागत से निर्मित संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन और 19 करोड 98 लाख की लागत से तैयार 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन सहित लगभग 44 विकास कार्यों का लोकार्पण और 54 करोड़ की लागत के लगभग 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन षामिल हैं। मुख्यमंत्री ने यहां गीता भवन और सांदीपनि विद्यालय की स्थापना सहित क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश में दूध का उत्पादन 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड के विकास को नई दिशा देगी। इसके माध्यम से निवाड़ी जिले के सैकड़ों गांवों को लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, स्कूली छात्र-छात्राओं को साइकिल तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। जल शक्ति मिशन जल शक्ति मंत्रालय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का राजनांदगांव जिला बारिश का पानी इकट्ठा करो अभियान और जल रक्षा मिशन के तहत वैज्ञानिक योजना और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बन गया है। छह सौ 62 गांवों में 60 हजार से अधिक जल संरक्षण और पुनर्भरण संरचनाएं स्थापित की गई हैं। पांच सौ से अधिक बंद पड़े बोरवेलों को

पुनर्भरण शाफ्ट में परिवर्तित किया गया है, छह सौ से अधिक इंजेक्शन कुओं को एक हजार सात सौ से अधिक मिनी परकोलेशन टैंकों से जोड़ा गया है और दो हजार पांच सौ से अधिक जल निकायों को जियो-टैग किया गया है।

मौसम

मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। अगले 24 घंटे के लिए शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर समेत प्रदेश के करीब 50 जिलों में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मानसून ट्रफ और शियर जोन सक्रिय हैं। इसके अलावा पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में दो निम्न दबाव क्षेत्र भी बने हुए हैं। इन्हीं मौसम प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। आज सीहोर जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई। जिला भू-अभिलेख विभाग ने बताया कि जिले में 1 जून से अबतक औसतन 17.77 इंच वर्षा दर्ज की गई है।

पीएम-स्क्वैश चैंपियनशिप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर अनाहत सिंह को बधाई दी। वह विश्व जूनियर चैंपियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी भी बन गई। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता और बढ़ेगी।

समाचार संक्षेप में:-

ऽ गुना अपर कलेक्टर न्यायालय, राजस्व प्रशासन ने पूरे प्रदेश में प्रकरण डिस्पोजल में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

ऽ शिवपुरी जिले में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कम पानी वाली फसलें बोने की सलाह दी है।

ऽ झाबुआ जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं आज ग्राम पंचायत खेड़ी नवापाड़ा में जल संरक्षण और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऽ छतरपुर में ’नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम और नगर सुरक्षा समिति सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने भाग लिया।

ऽ आगरमालवा जिले में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं आज ग्राम साबनी के पास सड़क दुर्घटना में कार में सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि बच्चों और महिलाओं सहित छह अन्य घायल हो गए।

---------